२१/२।

संख्या–429 /चौबिस–पी–3–2019

प्रेषक,

आलोक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कार्यवाहक निदेशक,
विद्युत सुरक्षा,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

3590
दि. 07/03/19

ऊर्जा अनुभाग–3 लखनऊ : दिनांक: 21 फरवरी, 2019

विषय :– विद्युत दुर्घटनाओं में जनहानि के प्रकरणों में शीघ्रता से जांच कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

दिनांक 20 फरवरी, 2019 को विधान परिषद में एक तारांकित प्रश्न के उत्तर में मा0 ऊर्जा मंत्री जी द्वारा मा0 सदन को अवगत कराया गया कि ऊर्जा विभाग द्वारा ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि विद्युतीय दुर्घटनाओं के उन मामलों में जहॉ जनहानि हुई है वहॉ आवश्यक जॉच कराने के उपरान्त पात्र पाए गए मामलों में निर्धारित मुआवजे की धनराशि सम्बन्धित हितकारी को दुर्घटना के दिनांक से अधिकतम 45 दिन में वितरित कर दी जाएगी।

2– उपरोक्त के दृष्टिगत कृपया आप यह सुनिश्चित करने का कष्ट करें कि विद्युतीय दुर्घटनाओं में जनहानि के प्रकरणों में विद्युत सुरक्षा निदेशालय द्वारा की जाने वाली जॉच की कार्यवाही अधिकतम 18 दिवसों में कराकर संस्तुति सहित जॉच आख्या सम्बन्धित विद्युत वितरण खण्ड के अधिशासी अभियन्ता को अवश्य ही प्रेषित कर दी जाये और अनुश्रवण के लिए जॉच आख्या की प्रतिलिपि सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता व क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता को भी भेजी जाये।

3– कृपया उपरोक्त का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करायें और यदि कोई विलम्ब का मामला प्रकाश में आता है तो इसके लिए विद्युत सुरक्षा निदेशालय के सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाये

भवदीय,

(आलोक कुमार)
प्रमुख सचिव।

CE (Adm)

(राकेश कुमार)
निदेशक (का. प्र. एवं. प्रशा.)
द0वि0वि0नि0लि0, आगरा

Director (P & A)	✓
Director (Comm)	
Director (Finance)	
Director (Technical)	
Staff Officer	
Dy. Leagul Officer	
Personal Officer	✓
G. M. Finance	
M.D	

No. 1586 /MDCAMP/dated 2/3/19

Pl issue a wide circular and placed on web site also.

MD

SE-2
PO

मु. अभि. (प्रशा.)

Scanned by CamScanner

संख्या– 429 /चौबिस–पी–3–2019, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ।

2– प्रबन्ध निदेशक, विद्युत वितरण निगम लि0, पश्चिमान्चल–मेरठ/ मध्यान्चल–लखनऊ/ पूर्वान्चल–वाराणसी/ दक्षिणान्चल–आगरा एवं केस्को, कानपुर।

3– निजी सचिव, मा0 ऊर्जा मंत्री जी।

आज्ञा से,

(इन्द्र राज सिंह)
विशेष सचिव।

Scanned by CamScanner